

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024



**पीड़ित परिवारों को चेक का वितरण :** मनगट्टा के मुक्तिधाम में मृतकों के अंतिम संस्कार पश्चात पीड़ित परिवारों को शासन द्वारा आरबीसी 6/4 के तहत प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर प्रदत्त की जाने वाली 4 लाख रुपए की सहायता राशि सौंपी गई।

# आसमानी रोशनी ने किया घर में अंधेरा, एक साथ निकली चार अर्थियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम जोरातराई के खंडहरनुमा यात्री प्रतीक्षालय में बारिश से बचने शरण लेने वाले चार छात्रों सहित आठ लोगों की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई मौत के बाद आज सभी का उनके गृहग्राम में अंतिम संस्कार किया गया। सुबह सभी के शव मेडिकल कॉलेज अस्पताल से उनके गांव पहुंचाए गए, जहां सैकड़ों की संख्या में लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

सोमवार के दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 8 लोगों की मौत हुई थी। जिसमें से चार युवक एक ही गांव मनगट्टा के थे। जिनका अंतिम संस्कार आज मनगट्टा मुक्तिधाम में किया गया। वहीं चार अन्य लोगों का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्रामों में किया गया।

### तीन चिताएं जली एक साथ

ग्राम मनगट्टा में कक्षा 11वीं के छात्र शरद साहू, पीयूष साहू, रवि पटेल के शव को अग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं छात्र शशिकांत साहू के कबीर अनुयायी होने के चलते उसे मुक्तिधाम में ही मिट्टी देकर दफनाया गया। वहीं ग्राम जोरातराई के छात्र नितिन धनकर का अंतिम संस्कार जोरातराई में किया गया।

### गांव में मातम, सन्नाटा

मनगट्टा के इन चारों युवकों की मौत के बाद गांव में मातम का सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं मृतकों के घर के भीतर से सिसकियां सुनाई दे रही है। यहां आज सुबह से ही गांव की सारी दुकानें बंद रही और लोग अपने घरों से निकलकर मुक्तिधाम में जमा हो गए। इस दौरान गांव की गलियां सूनी हो गई, हर तरफ एक खामोशी यहां घर कर गई है। गांव में 4 जवान मौत से लोग सदमे में हैं और परिजन बेसुध हैं।





### श्रद्धांजलि देकर छुट्टी

कुछ देर पहले ही जो छात्र स्कूल में अपनी परीक्षा देकर घर लौट रहे थे, उनकी मौत की खबर सुनकर इधर स्कूल प्रशासन भी सकते में आ गया। आज सुबह शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुड़ीपार का पूरा स्टाफ उन छात्रों के अंतिम यात्रा में शामिल होने पहुंचा था। इससे पहले उन छात्रों को श्रद्धांजलि देते स्कूल में छुट्टी दे दी गई थी।

**अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे जनप्रतिनिधि :** अंतिम यात्रा में शामिल होने जिले के जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। इस हृदयविदारक घटना को लेकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, राजेश श्यामकर, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, कांग्रेस नेता अंगेश्वर देशमुख, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, कांग्रेस नेता पदम कोठारी, भाजपा पदाधिकारी कोमल सिंह राजपूत, अमर लालवानी, विवेक वासनिक सहित अन्य नेताओं ने इस घटना को लेकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

### एक साथ निकली शवयात्रा

ग्राम मनगट्टा के तीन छात्र और एक अन्य युवक का शव गांव में पहुंचने से पहले ही उनकी अंतिम यात्रा की तैयारी यहां कर ली गई थी। ग्रामीणों ने चारों युवकों के शव की अंतिम यात्रा एक साथ निकालने का निर्णय लिया हुआ था और सभी युवकों की अर्थी एक साथ मुक्तिधाम के लिए ले जाया गया। जिसमें मनगट्टा सहित आसपास गांव से भी सैकड़ों लोग इस अंतिम यात्रा में शामिल होने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप



### घट स्थापना तीन को

**सड़क अतरिया।** क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर नर्मदा मंदिर समिति की बैठक सोमवार को मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा का प्रस्ताव पारित किया गया। मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी क्वांर नवरात्रि का पर्व भक्तिमय माहौल में एवं धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। आगामी 3 अक्टूबर को गोधूली बेला में घट स्थापना, 8 अक्टूबर को पंचमी पर माता का श्रृंगार एवं भोग, 11 अक्टूबर को अष्टमी हवन तथा 12 अक्टूबर को शोभायात्रा के साथ ज्योति कलश का विसर्जन किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष बिसाहूराम सिन्हा, मोतीलाल जंघेल, कैलाश वर्मा, डॉ. दशरिया, कोसरिया, रमेश जंघेल, गोवर्धन सिन्हा, विशम्भर पटेल, सीताराम यादव, रजऊ राम, अग्रहित, दीनू, शिवप्रसाद, घसिया राम, पुजारी कोमल दुबे आदि मौजूद थे।

केंद्र सरकार के ई-पैक्स योजना के तहत डाटा किया गया ऑनलाइन

# सहकारी समितियां अब ऑनलाइन एक क्लिक में मिलेगा सभी रिकार्ड

**समितियों में ही नहीं, बल्कि देश में कहीं से भी देखा जा सकेगा पूरा डाटा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आधुनिकता के इस दौर में सहकारी समितियां भी अब ऑनलाइन हो गई है। केंद्र की योजना ई-पैक्स के तहत जिले की सभी सहकारी समितियों के रिकार्ड को ऑनलाइन दर्ज कर लिया गया है। पिछले दो सालों से यह काम चल रहा था। ऑनलाइन डाटा अपलोड होने के बाद अब सभी किसानों की पूरी जानकारी महज एक क्लिक पर ही मिल जाएगी। किसान द्वारा धान बिक्री, खाद-बीज खरीदी के साथ ही ऋण की भी संपूर्ण जानकारी सहकारी समितियों के पास ऑनलाइन उपलब्ध होगी। योजना के तहत प्रत्येक सहकारी समितियों को एक कम्प्यूटर, वेबकैम, वीपीएन, प्रिंटर और बायोमेट्रिक डिवाइस दिया जाना है।

खास बात यह है कि सहकारी समितियों के अलावा इस पोर्टल के माध्यम से जिले, प्रदेश और देश में किसी भी हिस्से में बैठा व्यक्ति भी किसानों का रिकार्ड देख सकेगा। जिला सहकारी बैंक सीईओ ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अनुरूप पैक्स को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत सरकार ने 29 जून 2022 को पांच साल की अवधि के लिए प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कम्प्यूटरीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित परियोजना को मंजूरी दे दी है।



### दो साल से काम जारी

केंद्र के निर्देश बाद योजना के तहत जिले में भी दो साल से जारी डाटा अपलोड करने का काम लगभग पूरा हो गया है। अब समितियों का पूरा रिकार्ड पोर्टल पर आ गया है। ऐसे में जिस तरह से बैंकों में किसी भी खाताधारक का पूरा रिकार्ड उसके अकाउंट नंबर से देखा जा सकता है। इसी तरह किसानों को भी दिए गए नंबर के माध्यम से उनका पूरा डिटेल एक बार में देखा जा सकेगा।

### योजना का उद्देश्य

पैक्स के संचालन की दक्षता में वृद्धि, ऋणों का शीघ्र वितरण, लेन-देन लागत कम करना, भुगतान में असंतुलन कम करना, डीसीसीबी और एसटीसीबी के साथ निर्बाध लेखांकन और पारदर्शिता में वृद्धि, किसानों के बीच पैक्स के कामकाज में विश्वसनीयता बढ़ाना, सामान्य लेखा प्रणाली और प्रबंधन सूचना प्रणाली का कार्यान्वयन, पीएसीएस को अपना परिचालन ऑनलाइन करने और डीसीसीबी और एसटीसीबी के माध्यम से नाबार्ड से अपनी विभिन्न गतिविधियों के लिए पुनर्वित्त/ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाना है।

### मॉनिटरिंग हो पाएगी, आपस में जुड़ेगी समितियां

पोर्टल के माध्यम से पूरा डाटा ऑनलाइन दर्ज होने से दो फायदे होंगे। पहला जिले के साथ ही प्रदेश के सभी अफसर सभी समितियों के रिकार्ड दफ्तर से ही देख सकेंगे। दूसरा इसके चलते अब समितियों पर मॉनिटरिंग बेहतर तरीके से हो पाएगी। सभी सहकारी समितियां भी आपस में बैंक की शाखाओं की तरह जुड़ जाएगी। ऑनलाइन रिकार्ड होने से एक-एक रुपए का हिसाब देखा जा सकेगा। किस किसान ने कितना धान बोया, कितना बेचा और कितना पैसा उसे मिला, यह सभी जानकारी पोर्टल में आ जाएगी।

### 222 समितियों में जुड़े पौने दो लाख किसान

केंद्र की ई-पैक्स योजना अंतर्गत जिले की सभी 222 सहकारी समितियों में रिकार्ड को पोर्टल में अपलोड करने का काम लगभग दो साल से चल रहा था। इन सभी 222 समितियों में लगभग रिकार्ड को ऑनलाइन अपलोड कर लिया गया है। जिले के करीबन पौने दो लाख किसानों का डाटा पोर्टल में अपलोड किया गया है। इन किसानों द्वारा धान खरीदी, बैंक से लेन-देन, खाद-बीज खरीदी जैसे रिकार्ड इसमें दर्ज किए जाएंगे।

# जिले के शिक्षकों ने किया सर्वाधिक गलत मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए कापियां जांचने का काम अनुभवी शिक्षकों को दिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद हर साल बड़ी संख्या में गलतियां मूल्यांकन कार्य में सामने आती रही है। इस बार भी कक्षा 10वीं और 12वीं के पुनर्गणना-मूल्यांकन में शिक्षकों ने जमकर लापरवाही बरती है। विद्यार्थियों के 20 से 30 अंक बढ़ गए। गलती करने वाले शिक्षकों में जिले के मास्टरों की संख्या प्रदेश में सर्वाधिक है। इन शिक्षकों के खिलाफ गलती के लिए कार्रवाई भी की गई है।



मिली जानकारी के अनुसार लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने तीन साल के लिए ब्लैड लिस्टेड करने के साथ-साथ एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की है। बता दें कि प्रदेश में करीब 68 शिक्षकों पर कार्रवाई की गई है। जिसमें सर्वाधिक 10 शिक्षक राजनांदगांव जिले के हैं। माशिमं की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ है। 61 शिक्षकों के किए गए मूल्यांकन में दोबारा जांच कराए जाने पर उत्तर पुस्तिकाओं में 20 से 30 अंक बढ़े हैं। इसमें हिंदी विषय की संख्या सबसे अधिक है। 12 शिक्षक हिंदी विषय के हैं। इसके अलावा अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल में भी 20 से 25 अंक बढ़े हैं।

### हजार से अधिक आवेदन

कक्षा 10वीं और 12वीं के उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्गणना-मूल्यांकन के लिए एक हजार से अधिक आवेदन आए थे। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के परिणाम में बदलाव हुआ है। पांच-छह नंबर के बदले 20 से 30 अंक बढ़ गए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मूल्यांकनकर्ता ने किस कदर लापरवाही की है। बता दें कि इस बार राजनांदगांव में एक ही मूल्यांकन केंद्र बनाए गए थे। बीते वर्ष की अपेक्षा विद्यार्थियों की संख्या भी कम थी। बावजूद मूल्यांकनकर्ताओं ने गंभीरता नहीं दिखाई।

### नांदगांव के बाद बिलासपुर-दुर्ग

मिली जानकारी के अनुसार मूल्यांकन एवं पुनर्गणना में लापरवाही बरतने के मामले में राजनांदगांव जिले के 10 शिक्षकों पर कार्रवाई हुई है। वहीं बिलासपुर के 6, दुर्ग के 6, दंतेवाड़ा के 4, कोरबा के 2, रायगढ़, मुंगेली, सूरजपुर और धमतरी के 3, बलौदाबाजार, कबीरधाम, कोरिया और बालोद के 1 शिक्षकों के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

# 22 दिनों बाद पीडब्ल्यूडी ईई का निलंबन आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डिप्टी सीएम एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा बीते दिनों ली गई जिला स्तरीय बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पीडब्ल्यूडी विभाग के ईई एके चौहान को अंतत निर्देश के 22 दिनों बाद निलंबित कर दिया गया है।

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग द्वारा मंगलवार 24 सितंबर को आदेश जारी कर यह सूचना जारी की गई। आदेश में बताया गया कि प्रभारी मंत्री की बैठक में अनुपस्थित होकर ईई ने अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही की है। जिसके कारण उन्हें निलंबित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा 2 सितंबर को जिले में बैठक ली गई थी। इस दौरान ही बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण उन्होंने पीडब्ल्यूडी के ईई को निलंबित करने के निर्देश दिए थे। राज्य सरकार द्वारा प्रभारी मंत्री के निर्देश के बाद भी निलंबन आदेश जारी नहीं किए जाने को लेकर जिले में सियासी पारा भी चढ़ा रहा। हालांकि आज आदेश के जारी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई। बताया जाता है कि विभागीय मंत्री के विदेश प्रवास पर होने के कारण निलंबन आदेश के जारी होने में विलंब हुआ।

# सूने घर का दरवाजा तोड़कर सोना चांदी के जेवरात की चोरी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रात में मकान में प्रवेश कर चोरी करने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 22-23 सितंबर की मध्य रात्रि ग्राम तिलईरवार के बंद मकान में अज्ञात चोर द्वारा एक घर का दरवाजा तोड़कर घर अंदर रखे पेटी से एक जोड़ी चांदी का लच्छा, 2 जोड़ी चांदी की पायल, 2 जोड़ी चांदी की बिछिया, एक नग चांदी का ताबीज, एक नग सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी सोने का टाप्स और दीवान में रखे 4 नग फुलकांस की थाली एवं 3 नग फुलकांस का लोटा कीमती करीब 50000 रुपए को चोरी करने की प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

इस मामले में पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी ओमप्रकाश बरेठ को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चोरी करना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी से चोरी किए गए माल मशरूका को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, प्रधान आरक्षक अनिल नेताम, आरक्षक लोकेश साहू, रितेश यादव, संजय यारदा की भूमिका सराहनीय रहा है।

# थाना में नाबालिग की पिटाई, टीआई लाइन अटैच

**प्रेम-प्रसंग के मामले में नाबालिग को लाए थे थाना, शिकायत के बाद टीआई पर एक्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के छुरिया थाना में एक नाबालिग की बेदम पिटाई किए जाने की शिकायत सामने आई है। परिजनों की शिकायत के बाद एसपी मोहित गर्ग ने मामले में जांच के आदेश जारी करते थानेदार अवनीश श्रीवास को लाईन अटैच कर दिया है।





मिली जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना जिले के छुरिया थाना क्षेत्र की है। मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। रसमड़ा निवासी एक नाबालिग अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने कुमर्रा छुरिया गया हुआ था। नाबालिग की गर्लफ्रेंड अपनी दादी के साथ रहती है। दादी की गैरमौजूदगी में किशोर गर्लफ्रेंड के घर पहुंचा था। उसी समय उसकी दादी घर पहुंच गई। जिसके बाद दादी के डर से दोनों ने घर में अपने आपको बंद कर लिया था। इसके बाद दोनों ने 112 डायल में कॉल करके पुलिस से मदद मांगी। टीम पहुंचने के बाद दरवाजा खोलकर दोनों बाहर आए। इसके बाद नाबालिग को थाना ले जाया गया।

इधर चर्चा यह भी है कि नाबालिग युवक को जब घर से निकाला जा रहा था उस दौरान भी कुछ लोगो ने पिटाई की थी।

### दुर्ग के अस्पताल में इलाज

किशोर के भाई मनीष चक्रधारी ने बताया कि मेरे भाई के साथ पुलिस वालों ने मारपीट की है, खबर मिली। थाना के सामने ही आईटीबीपी का एक कैम्प है। आईटीबीपी के जवान ने भाई के जेब से मोबाइल निकालकर हमें कॉल किया, जब हम थाना पहुंचे तो वह बाहर में बेहोश पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर परिजन छुरिया पहुंचे और इलाज के लिए जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल उसका इलाज जारी है।

### भुआर्य को छुरिया की कमान

एसपी मोहित गर्ग ने एक्शन लेते टीआई अवनीश श्रीवास को लाइन हाजिर कर दिया है। एसपी मोहित गर्ग ने उनकी जगह अब संतोष कुमार भुआर्य को नया थाना प्रभारी बनाया है।

# कार में शराब की तस्करी, पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी करने की सूचना पर पुलिस ने नाकाबंदी कर कार को पकड़ा। जिसमें मध्यप्रदेश राज्य निर्मित 180 नग बोतल गोवा स्पेशल ऑफ स्मुथनेस व्हीस्की बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 24 सितंबर को पेट्रोलिंग दौरान सूचना मिली कि एक व्यक्ति सफेद रंग के मारूति कार में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब भरकर मध्यप्रदेश से डोंगरगढ़ की ओर से परिवहन करते आ रहा है।



### कार में मिली शराब

वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब कुल 15 नग कार्टून में 12-12 नग बोतल गोवा स्पेशल ऑफ स्मुथनेंस अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश राज्य निर्मित कुल 180 नग बोतल कीमती 84600 रुपए एवं मारूति सुजूकी एसएक्स-4 को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### भागने का किया प्रयास

इस सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम चिद्दो रोड नाला हनुमान मंदिर के पास नाकाबंदी की कार्रवाई की। इस दौरान सामने से एक सफेद रंग का मारूति सुजूकी एसएक्स 4 आते दिखा। जिसका चालक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा। एक व्यक्ति बैठे मिला, जो अपना नाम रामप्रकाश सिंह 54 साल साकिन मार्डन टाउन रसतोगी कॉलेज के पास भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग का रहने वाला बताया।







## खबर संक्षेप

### ढारा में संपर्क केंद्र का गठन

**ढारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डोंगरगढ़ ने ग्राम ढारा में संपर्क केन्द्र का गठन कर ता लवकुश साहू व सेजल वैष्णव को जिम्मेदारी सौंपा है। उन्होंने बताया कि ढारा के कुछ विद्यार्थी परिषद के क्रियाकलाप को देख कर उनमें भी कार्य करने की जिज्ञासा उत्पन्न हुई। इस मौके पर नगर मंत्री शुभम महोबिया, प्रियंका यादव उपास्थित थी। श्री महोबिया ने विद्यार्थियों को अभाविप के प्रत्येक आयाम के बारे में बताया। बैठक में अर्चना जंहेल, गौरी महोबिया, देवेंद्र कुमार, इन्द्रेश कुमार, राहुल साहू, जिनेन्द्र वर्मा, रामेश्वर कुमार, नसीब वर्मा, केश्वरी वर्मा, उपस्थित थे।

### अधूरे कार्य का पूरा भुगतान

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे है किन्तु शासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। कार्रवाई नहीं होने के बाद विभाग के अधिकारी अधूरे और स्टीमेट के विपरीत हुए कार्य का भुगतान कर शासन को नुकसान पहुंचा रहे है। जानकारी के अनुसार हाल ही में एलबी नगर से बनी नारायणगढ तक 3 करोड़ की लागत से डामरीकरण, बोरतलाव से बागरेकसा तक 9 करोड़ की सड़क, फरवरी- मार्च में अछोली से कलकसा सडक मरम्मत लागत लगभग 26 लाख, प्रज्ञागिरि से मुरमुंदा सड़क निर्माण लागत 1 करोड़ 25 लाख आदि कार्य कराए गए है। सभी कार्यो का स्टीमेट के अनुसार कार्य नहीं हुआ है। रातो रात सड़क बनाकर बिना सत्यापन मूल्यांकन के भुगतान कर दिया गया है। अब इन सड़को का हाल बेहाल है। इसी प्रकार पिछले 3 साल में जिन पुल पुलिया का निर्माण किया गया था वह अगस्त सितम्बर में तेज बारिश होने से क्षतिग्रस्त हो गई।

### मुक्त विवि में प्रवेश 30 तक

**डोंगरगढ़।** पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के अध्ययन केन्द्र नेहरू महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 30 सितम्बर तक किया जा सकता है। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक टेकराम वर्मा ने बताया कि स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीलिब तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढी, एमकॉम, एमएससी गणित, कम्प्यूटर साइंस, योग विज्ञान, पीजीडीसीए, एमएसडब्ल्यू, एमबी में प्रवेश लिया जा सकता है।

### आज सघन सदस्यता अभियान

**डोंगरगांव।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजयुमो महामंत्री डीकेश साहू ने घोरदा शक्ति केंद्र में बैठक लिया। उन्होंने बैठक में बताया कि कल 25 सितंबर को पं दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के मौके पर प्रत्येक बूथ में जयंती मनाकर अधिक से अधिक सदस्य बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोर बूथ मोर अभियान के तहत बूथ के प्रत्येक कार्यकर्ता उत्साह के साथ जयंती मनाएंगे। बैठक में तुलेश्वर साहू, राजू साहू, लीलेश्वर साहू, भागवत ठाकुर, कोमल राम साहू, गौतम लाल साहू, पूनम साहू, हुकमराम साहू, मामेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



### सजने लगे दुर्गा पंडाल

**गंडई पंडरिया।** आगामी 3 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसी दिन दुर्गा पंडालों में माता को विराजमान किया जाएगा। शहर में हर साल विशेष पंडाल बनाया जाता है। लाइटिंग कर नगर को रौशन किया जाता है। शहर के विभिन्न पंडालों में गरबा, झांकी, जस का आयोजन किया जाता है जिसके कारण 9 दिनों तक शहर में मेले जैसा माहौल रहता है। इस वर्ष भी दुर्गा पक्ष को लेकर विविध आयोजन किया जाएगा जिसकी व्यापक तैयारियां किया जा रहा है। कृषि उपज मंडी परिसर में थोक सब्जी व्यापारियों ने बस्तर संस्कृति पर आधारित दुर्गा पंडाल बनवाना आरंभ कर दिया है। इसी प्रकार कोपेभाठा, पुराना बस स्टैंड, तिरंगा चौक, चांदनी चौक सहित अन्य जगहों पर दुर्गा पंडाल बनाया जा रहा है।

### प्रेमलाल बने सतनामी समाज के अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** ब्लाक सतनामी समाज संगठन की आमसभा गत दिनों आयोजित किया गया। आमसभा में ब्लाक के सामाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। मंडी प्रांगण में आयोजित आमसभा में आम सहमति से विभिन्न पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक कुंभदास जोशी, नेतराम देशलहरे, अजय सिरमौर, गौतम बंजारे, तुलाराम जोशी, रामचंद्र सोनी, दीपक कुमार खिलेन्द्र, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमलाल महिलकर, उपाध्यक्ष राजेश भारती, महासचिव राहुल देशलहरे, कोषाध्यक्ष राजकुमार चंदानिया, सचिव पुरन जांगड़े को बनाया गया है। एक महिला उपाध्यक्ष, 4 महिला समेत कुल सात कार्यकारिणी सदस्यों को ब्लॉक सतनामी समाज संगठन डोंगरगांव के नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### अतिवृष्टि प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग

**अंबागढ़ चौकी।** नगर के वार्ड क्रमांक 5, 8, 11, 12, 13 एवं 14 में गत दिनों आई बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित ग्रामीणों तथा किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति की मांगो को जिला कांग्रेस कांग्रेस के नेतृत्व में तहसील कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। धरना में विधायक भोलाराम साहूख नपं उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, अनिल मानिकपुरी, नरेश शुक्ला, उदेराम साहू आदि शामिल हुए। सभी ने बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। विधायक भोलाराम साहू ने जनसभा को संबोधित किया। तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो एवं नायब तहसीलदार को अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों आदि का निरीक्षण कराकर पीड़ितों को मुआवजा प्रदान ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बेनीराम, प्रताप धावड़े, मोनू कुरैशी, मनीष बंसोड़, मुकेश सिन्हा,रजिया आदि उपस्थित थे।



### सेवा पखवाड़ा में किया रक्तदान



**डोंगरगढ़।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मारवाडी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगरवासियों ने शिविर में बढ़चढ़कर भाग लेकर रक्तदान किया।

## जीर्णोद्धार की ओर विभाग का ध्यान नहीं

# जर्जर सड़कों से वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

हाल के दिनों में हुई बारिश ने अंचल की सड़कों का हाल बेहाल कर दिया है। प्रधान मंत्री सड़क सहित पहुंच मार्ग जर्जर हो गई है। कुछ जगह सड़क ऐसी खतरनाक हो गई है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार नर्मदा साल्हेवारा मार्ग में मानपुर नाका जाने वाले मार्ग के बीच में गहरा गड्ढा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी निकासी के लिए पाईप डाला गया थाा। बारिश के बाद बड़ा गढ़ढा हो गया है। इस मार्ग से केवल दो पहिया वाहन गुजर रहे हैं। गड्ढे की वजह से स्कूल वाहन, ट्रेक्टर सहित अन्य बड़ा वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई है जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई।



### पुल पुलिया भी जर्जर

बड़े वाहनों को अधिक दूरी वाले मार्ग का सहारा लेकर गांव पहुंचना पड़ रहा है। इसी प्रकार चकनार से दौजरी सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। एक किलोमीटर की दूरी तय करने पर राहगीरों को सैकड़ों हिचकोले झेलना पड़ता है। सड़क अतरिया के मार्ग पर स्कूल के समीप दो बड़े गहरा गड्ढा हुए दो माह से भी अधिक हो गया है। पानी भरने से वाहन चालक अक्सर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। इसी तरह बारिश से मानपुर खैरबना मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क पर जहां तहां गड्ढे हो गए है। मार्ग पर स्थित पुल पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### इन सड़कों की स्थिति खराब

क्षेत्र की लगभग सभी सड़के जर्जर हो गई है जिसकी मरम्मत कराने की आवश्यकता है। नर्मदा से बेलगांव मार्ग, नर्मदा से संड़ी पंडरिया, खैरबना से बगदूर, पंडरिया से ओटेबंद मार्ग के जर्जर होने से ग्रामीण काफी परेशान हैं।

### सड़कों ने तोड़ा दम, पुल भी हुआ क्षतिग्रस्त



**डोंगरगांव।** दीवानझिटिया से डोंगरगांव तक रोड पर जहां तहां गड्ढे दिखाई दे रहे। बारिश होने पर इन गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। दीवानभेड़ी की सरपंच सुमित्रा गोस्वामी, लीलम गोस्वामी और ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत के नाम पर गड्ढो में मिट्टी और बोल्डर डाल दिया है जिसके कारण दुघर्टना की आशंका और बढ़ गई है। इसी प्रकार राजनांदगांव डोंगरगांव सड़क पर स्थित बगदई पुल भी जर्जर हो गया है। पुल में जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। दीवानभेड़ी के लखन साहू, हुकुम साहू, फगवा निषाद, टीकम साहू, दनेश्वरी कौशिक, कमलेश्वरी, मालती साहू, भागचंद साहू, हेमा पटेल, लतेल पटेल, खेदूराम साहू, रामबिलास साहू, शरद साहू, माखन पटेल, नरेंद्र पटेल आदि ने सड़क मरम्मत करने की मांग किया है।

## मुमुक्षु काजल का अभिनंदन

### दीक्षा समारोह 7 को भीलवाड़ा में



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

आचार्य रामेश के सानिध्य में सड़क अतरिया निवासी स्व दिलीप नहाटा एवं प्रमिला नाहटा की सुपुत्री काजल नाहटा आगामी 7 अक्टूबर को जोधपुर के भीलवाड़ा में दीक्षा लेगी।

दीक्षा के पहले मंगलवार को गृह ग्राम सड़क अतरिया में नाहटा परिवार एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। अभिनंदन यात्रा में सुमधुर कीर्तन से प्रभु का गुणगान किया गया। स्वागत सभा में संयम मार्ग अपनाने जा रही काजल नाहटा का स्वागत हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्यों एवं परिजनों ने बताया कि काजल नाहटा का साधु मार्ग में जाना और दीक्षा लेकर संयम का रास्ता अपना नाहटा परिवार का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम में भंवर लाल नाहटा, केवलचंद नाहटा, झुमरलाल नाहटा, राजेन्द्र नाहटा, राजेश बाफना, मुकेश कुमार, सप्पू बैद, यशम बैद, नवीन नाहटा, ललित कुमार नाहटा, महेश कुमार जैन, नीतेश जैन, मिथलेश जैन, यमन नाहटा, गौरव नाहटा, महावीर जैन, मनीष नाहटा, रेखचंद नाहटा, उत्तम चंद चोपड़ा, ललित चोपड़ा, दिनेश चंद आदि शामिल हुए।

### एसबीआई ने किया शिक्षक साहू का सम्मान

**खैरागढ़।** विक्टोरिया स्कूल के विज्ञान भवन मे एसबीआई लाइफ ने जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया । शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, विद्यार्थियों के प्रगति व उज्जवल भविष्य के लिए कठोर परिश्रम और समाज की उन्नति के लिए अभूतपूर्व शैक्षणिक योगदान देने के लिए ब्लॉक के कट्टहा नवागॉव प्राशा मे पदस्थ प्रधान पाठक रामलाल साहू और बाकलसर्रा प्राशा मे पदस्थ प्रपा संजूराम कंवर को एसबीआई लाइफ ने उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया।

कार्यक्रम मे जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी, एसबीआई लाइफ ब्रांच मैनेजर विजय द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान रमेंद्र डड़सेना, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, शिरीष पांडेय, एपीसी आत्माराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय हड़ताल 27 को

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन आगामी 27 सितंबर को जिला मुख्यालय राजनांदगांव धरना प्रर्दशन कर रैली निकालेगा। कलेक्टर को डीए सहित विभिन्न मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। फेडरेशन के संयोजक भेलसिंह वर्मा ने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों को डीए जैसे मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है जबकि विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा ने कर्मचारियों और अधिकारियों से बहुत सारे वादे किए थे। कहा गया था कि केंद्रीय कर्मचारियों का डीए बढ़ने पर राज्य कर्मचारियों का भी डीए बढ़ाया जाएगा लेकिन डीए जैसे पूरक एवं अनिवार्य मांग के लिए कर्मचारियों को सड़क पर उतरना पड़ रहा है। फेडरेशन के हीरालाल मोर्य, भीषम ठाकुर, छत्रपाल सिंह ठाकुर, लक्ष्मी देवांगन, धनेश्री बारिक, धनलक्ष्मी महोबिया, पुष्पांजलि चंद्राकर, प्रीति लाटिया, धन्नूलाल महोबिया , राकेश सिन्हा आदि ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों से हड़ताल में शामिल होने का आव्हान किया है।



## शिशुवती महिलाओं को पोषण आहार की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न गतिविधियों आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एकीकृत बाल विकास परियोजना छुईखदान ने ग्राम मोहगाव में परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में पोषण माह का आयोजन किया गया। इस दौरान पालक मेले का आयोजन किया गया। पोषण से संबंधित मेले लगाया गया। फूलों से रंगोली बनाई गई। इस दौरान हितग्राहियों को पोषण आहार के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक खेमीन ध्रुव, ईश्वरी साहू, द्रोपती, पुष्पा, निरंजन कुमार, रामधीन पाठक, किशन वर्मा, निर्मला क्षत्री, देवकुमारी वर्मा तथा ग्रामीण उपस्थित थे।




### विविध स्वास्थ्यवर्धक आयोजन

**घुमका।** महिला बाल विकास परियोजना घुमका के अधीन संचालित 156 आँगनबाड़ी केंद्रों में इन दिनों राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। पोषण माह अंतर्गत आँगन बाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार मनाकर बच्चों का वजन व ऊंचाई का माप किया जा रहा है। कुपोषित बच्चों का चिन्ह्यांकन कर सुपोषित करने सूचीबद्ध किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी विमला शर्मा ने बताया कि बच्चों को सुपोषित करने व स्वास्थ्य वर्धन के लिए पोषण माह मनाया जा रहा है। इस आयोजन में गर्भवती एवं शिशु वती माताओं को एनीमिया के लक्षण, बचाव की जानकारी दी जा रही है। शिशुवती माता को स्तनपान कराने प्रेरित किया जा रहा है। शिशु को 6 माह के उपरांत स्तनपान के अलावा अतिरिक्त आहार देने की सलाह दी जा रही है।

## शिवनाथ साहित्य धारा का भवन लोकार्पित

# अच्छे साहित्य से ही बदलाव संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अच्छा साहित्य समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में सहायक होता है इसलिए सभी को साहित्य का सतत अध्ययन करते रहना चाहिए और साहित्यकारों को सदैव सम्मान देना चाहिए।

यह विचार विधायक दलेश्वर साहू ने शिवनाथ साहित्य धारा के 11 वें स्थापना उत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर उन्होंने विधायक निधि से निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने भवन के चारों ओर अहाता, शौचालय, स्थायी मंच व डोम निर्माण कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान 10 वर्षों से साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले साहित्य साधकों को सम्मानित करते आ रहा है।

स्वागत संबोधन अखिलेश्वर मिश्रा तथा संस्था का प्रतिवेदन महेंद्र बघेल मधु ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर अनिल कसेर, कौशल कुमार साहू, गोवर्धन परतेती, माधवी गणवीर, रोहिणी पटेल, धनराज साहू, मनीष साहू, एनेंद्र शर्मा, रोहित कुमार तारम, लविन्द्र साव, कन्हैया मेश्राम, जगन्नाथ हुमने, गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय योगदान रहा।




### वरिष्ठ कवियों का सम्मान

इस वर्ष बनिहार सम्मान लतीफ़ ख़ान लतीफ़, शिवनाथ साहित्य धारा सम्मान प्रो डॉ चंद्रशेखर शर्मा, शिवनाथ सृजन सम्मान स्वामी प्रेम अरुणोदय को प्रदान किया गया। इस मौके पर कवियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, सरपंच मयंक यदु, आशा भूषण देवांगन, कमल नारायण वैष्णव, भैयालाल देवांगन, राधेश्याम देवांगन थे। संचालन गजेन्द्र हरिहारनो एवं विरेंद्र तिवारी ने किया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** भारतीय थलसेना अग्निवीर भर्ती के लिए माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ जिले में आयोजित किया जाएगा। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए सुबह 7.30 बजे पीटीएस ग्राऊंड राजनांदगांव में निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए पात्र आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में आधार कार्ड, स्वयं का पासपोर्ट साईट फोटो एवं अग्निवीर थलसेना का पंजीयन फार्म एवं ई-मेल में चयनित का मैसेज की फोटोप्रति के साथ कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### गोल्ड मेडल विजेता जानवी का सम्मान

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा की छात्रा जानवी साहू पिता धर्मेंद्र साहू ने जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ए स जी ए फ आई कराते प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जान्हवी ने गोल्ड मेडल हासिल किया। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने गत दिनों जानवी साहू के निवास पर पहुँचकर बधाई देते हुए सम्मान किया। इस मौके पर डॉ भगवती वर्मा, ष ओमकार लिल्हारे, सरपंच कंवल निर्मलकर, प्रभारी प्राचार्य कौशलराम चंद्रवंशी, भागचंद लिल्हारे, मोहित साहू, संजय ठाकुर, मुन्हे लिल्हारे, कमल नारायण साहू, गजानंद सिरागे आदि मौजूद थे।



Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विभा को मिला सावित्री बाई फूले शिक्षा सम्मान

**खैरागढ़।** शिक्षक और बच्चों के सर्वांगीण विकास सहित समाज सेवा को लेकर संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छग समग्र विकास मंच ने दुर्ग के खालसा स्कूल में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जहा शिक्षा और समाज विकास को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान हुआ। सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य, विधायक गजेंद्र यादव विधायक, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक रिकेश सेन, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष उपकार चंद्राकर, उड़ान नई दिशा संस्था अध्यक्ष निधि चंद्राकर और जिला लोधी समाज युवा विंग अध्यक्ष रवि सिंगार के आतिथ्य में आयोजित समारोह में विकासखंड की नवाचारी शिक्षिका विभा पाटकर को शिक्षा में नवाचार, कला, संस्कृति, साहित्य-लेखन, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा व समाज कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व सहयोग के लिए अकादमी द्वारा सावित्रीबाई फूले शिक्षण सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। शिक्षिका की उपलब्धि पर डीईओ लाल जी द्विवेदी, सहायक संचालक डॉ श्रीमती रश्मि खरे, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, प्राचार्य चंद्रभान साहू सहित बढ़ईटोला शाला स्टाफ ने बधाई दी है।

### सेल्समैन सहित पांच लोग पुलिस गिरफ्त में

# नाबालिग से मंगवाते थे शराब अपनाया था नया हथकंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पैसों का लालच देकर सरकारी शराब दुकान से शराब मंगाने वाले और नियम विरूद्ध शराब देने वाले सेल्समैन सहित पांच को पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ जिला पुलिस की कारवाई तेजी से जारी है। बीते दिनों शराब बनाने कच्चा सामान देने वालो, निर्माण करने वालों, शराब खपाने वालों के साथ साथ वसूली करने वालो पंद्रह से ज्यादा लोगों को एसपी त्रिलोक बंसल के मार्गदर्शन मे पुलिस ने अभियान चलाकर पकड़ा और जेल भेजने के बाद अब शहर के अलग-अलग वार्डों में अवैध शराब बिक्री करने वालों को सपड़ रही है। इसी कड़ी में नाबालिग को दैनिक रोजी में रखकर दुकान से शराब मंगाने और एकमुश्त संग्रहण बाद कोचियों तक पहुंचाने वाले संगठित गिरोह के पाचं लोगों को हिरासत में लेकर प्रदेश में पहली दफे जेजे एक्ट की धारा 77 व 78 के तहत कारवाई की है।

अवैध शराब बिक्री को लेकर एएसपी नेहा पांडेय ने आम जनता से किसी भी जगह पर अवैध शराब बिक्री या परिवहन सहित किसी भी प्रकार की नशीली वस्तुओं की बिक्री जानकारी होने पर जिला पुलिस को कंट्रोल रूम में सूचना देकर संगीत नगरी सहित पूरे जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करने की अपील की है।



#### इकट्ठे शराब को सप्लाई करते थे गांव-गांव

एएसपी नेहा पांडेय ने मामले की सिलसिलेवार जानकारी देते हुए बताया कि बाजार अतरिया निवासी मुकेश पिता संतोष विश्वकर्मा 19 साल ने पुलिस से बचने नया हथकंडा अपनाते हुए शराब दुकान के पास गुमटी चलाने वाले के नाबालिग बच्चे को पैसों का लालच दिया और उसे दिन मे दस से बारह बार दुकान से शराब लाने और मुक्तिधाम पर जमा करने के काम में लगा दिया। इसके अलावा उसने शराब खरीदने के काम मे छोटू पिता अशोक सारथी 32 साल दाऊचौरा को भी पांच सौ रूपए रोजी देने का लालच देकर इसी काम में लगा दिया था। साइबर सेल प्रभारी अनिल शर्मा और टीआई जितेंद्र बंजारे ने इसकी भनक मिलने पर शराब दुकान के पीछे मुक्तिधाम मे रेड मारा तो वहां शिवम पिता नरेश रजक 21 साल बरेठपारा के पास देशी शराब सौ पव्वा मिला। पूछताछ में उसने बताया कि बाजार अतरिया निवासी मुकेश विश्वकर्मा के कहने पर वो शराब इक्ट्ठा कर रहा है। विवेचना के दौरान इतने भारी तादात मे शराब इक्ट्ठा करने को लेकर पता चला कि उन्होंने इस काम में नाबालिग बच्चे सहित एक आदमी को लगाया है। जो पूरे दिन शराब दुकान से शराब खरीदते है और शिवम के पास जमा करते है। पर्याप्त संख्या में शराब इक्ट्ठा होने के बाद कोचियों के मार्फत गांव गांव भेजकर बेचवाने का काम करते है और रकम आपस में बांट लेते है। मामले में देशी शराब दुकान के सेल्समैन नीलकमल पिता रोहित देशमुख 29 साल सांकरा बलोद को भी नियम विरूद्ध नाबालिग को शराब देने के मामले में आरोपी बनाया गया है। सभी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में कारवाई की गई है।

# अमलीडीह वार्ड में अतिक्रमण, जनदर्शन में आवेदन के बाद भी कारवाई सिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के अमलीडीह वार्ड में अतिक्रमण से आवाजाही में दिक्कत को लेकर वार्डवासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कारवाई की मांग की है।

वार्ड के चेतन बघेल, परदेशी सतनामी, लल्लू निषाद, सदाराम निषाद, रोहित सतनामी, बाबूलाल सारथी, शत्रुहन धृतलहरे सहित अन्य ने कहा कि वार्ड अंतर्गत आने वाले सरकारी जमीन पर निज स्वार्थ के कारण तेजी से अवैध कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है।

पुराने पंचायत भवन, सार्वजनिक खेल मैदान, पानी टंकी के आसपास का खुला इलाका, सड़क किनारे पाई वाली जगहों पर अवैध कब्जे के चलते सुगम आवाजाही बाधित हो रही है। उन्होंने बताया कि पानी टंकी और आंगनबाड़ी भवन के पास खेल मैदान के लिए सरकारी जमीन आरक्षित किया गया था, लेकिन अब वहां राजस्व और नगर पालिका की उदासीनता के चलते अवैध कब्जाधारी खुलेआम सरकारी जमीन पर तंबू तान रहे है। वार्डवासियों ने बताया कि अगसत महीने में कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर उन्होंने कारवाई की मांग की थी इसके पहले जून में अपर कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया गया था, लेकिन आज दिनांक तक अतिक्रमण हटाने को लेकर किसी प्रकार की कारवाई नही की गई।

#### राजनीतिक हित साधने अपात्रों को दे रहे लाभ

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन मे वार्डवासियों ने कहा कि अतिक्रमण के चलते सुगम आवाजाही में समस्या हो रही है। पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा और मवेशियों के लिए चारागान की कमी हो रही है। सफ सफाई की व्यवस्था को लेकर कहा कि नपा क्षेत्र का वार्ड होने के बावजूद समय पर नालियों को साफ नही किया जाता जिसके चलते गंदा पानी सड़क पर बहता है जो बच्चों के साथ-साथ सभी के स्वास्थ्य पर दूषित प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनैतिक नफा नुकसान को देखते हुए पात्र हितग्राहियों को दरकिनार कर पक्के मकान वालो को पीएम आवास और आबादी जमीन का पट्टा दिया गया है। वार्डवासियों ने कहा कि सरकारी जमीन की सुरक्षा, पर्यावरण संतुलन और सुगम आवाजाही को देखते हुए पहले तहसीलदार और नगर पालिका में आवेदन फिर अपर कलेक्टर, जनदर्शन में आवेदन देने के बाद भी किसी प्रकार की कारवाई नही होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे है। उन्होंने कहा कि पंद्रह दिनों के भीतर कारवाई नही होने पर धरना प्रदर्शन कर शासन प्रशासन से गुहार लगाई जाएगी।




# सेजेस कन्या शाला के स्टुडेंट्स उतरे सड़कों पर, दिया सफाई का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम तहत सेजेस कन्या शाला के स्टुडेंट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश और पर आयोजित स्वच्छता अभियान के दौरान उन्होंने रानी रश्मिदेवी सिंह पेट्रोल पंप से शुभम के मार्ट तक मेन रोड सहित आसपास बिखरे कचरों को एकत्र किया।



मौके पर मौजूद नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने उन्हें हैंड ग्लोब्स उपलब्ध कराया और स्वच्छता के उद्देश्य, स्वास्थ्य पर प्रभाव को लेकर जागरूक किया। सेजेस कन्या शाला की गाइड इकाई के छात्राओं ने शाला परिसर के अंदर बाहर सफाई कार्य में भाग लिया। गौरतलब है कि स्वच्छता सेवा पखवाड़े के इतर शाला में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष आलोक श्रीवास के मार्गदर्शन में प्रतिदिन स्वच्छ भारत स्वच्छ विद्यालय कार्यक्रम का संचालन कर बच्चों को स्वच्छता से जोड़े रखने अनूठी पहल चलाई जा रही है। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य कुणाल टंडन, गुंजन सिंह, गिरवर कोसरे, डॉ कमलेश्वर सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, स्काउट गाइड प्रभारी नीलू सिंह, विनीता सिंह, तृप्ति दशरिया, उतरा साहू, भारती यादव, आशीष पटेल, प्रांजल सिन्हा, गौरी धनगढ़, अमीषा देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

# लावारिस कुत्तों से नगर के लोग हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शहर में लावारिस मवेशियों की तरह एक और समस्या तेजी फैल रही है। इन दिनों शहर में लावारिस कुत्तों की संख्या में काफी वृद्धि देखा जा रहा है।

शहर की अधिकांश गली मोहल्ले में लावारिस कुत्तों की झुंड देखा जा रहा है। कुत्तों में शिकार प्रवृत्ति बढ़ने से जानवर और बच्चों के लिए खतरा उत्पन्न होने लगा है। उल्लेखनीय है कि बीते सालों कई घटनाएं हुई है जिसमे बछड़े आदि कुत्तों के हमले से हताहत हुए है। जानकारी के अनुसार कुछ सालों पहले सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को मारना या परेशान करना अपराध घोषित कर दिया है। आवारा कुत्तों को मारने या जहर देने पर पांच साल तक की सजा हो सकती है इस आदेश के बाद से कुत्तों को मारना बंद कर दिया गया है जिसके कारण कुत्तों की संख्या में हर साल दर साल बढ़ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों की संख्या को कंट्रोल में रखने के लिए बधियाकरण करने कहा है किन्तु प्रशासन द्वारा इस दिशा में ध्यान नहीं देने के कारण लावारिश कुत्तों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।

#### बधियाकरण नहीं

पशु चिकित्सक संदीप इंदुलकर ने बताया कि बीते 8 सालों में कुत्तों का बधियाकरण नहीं किया गया है। कुछ सालों पहले एनिमल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम के तहत नगर पंचायत गंडई में बधियाकरण का प्रपोजल रखा गया था किन्तु अपेक्षित रिस्पांस नहीं मिला।

# शिक्षक का राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामित करने पर उठा सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत की बैठक मे जिपं सभापति विप्लव साहू ने क्षेत्र के विभिन्न मांगों और समस्याओं को सदन में रखकर उनके निराकरण को लेकर कारवाई प्रारंभ करने कहा।

उन्होंने ब्लाक के मुढ़ीपार में स्कूल रास्ते में शराब दुकान से छात्राओं, महिलाओं, बच्चों सहित आवाजाही करने वालों की दिक्कतो को ध्यान में रखते हुए दुकान अंन्यत्र स्थानांतरित करने, बैहाटोला पूमाशा के अनियमित और अयोग्य प्रधानपाठक का राज्यपाल पुरुस्कार के लिए चयन को शिक्षक संवर्ग को हतोत्साहित करने वाला बताते हुए जिपं सभापति ने संचालनालय से जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र व्यवहार करने के अलावा जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले पुरस्कार के लिए बिना मैदानी परीक्षण किए नाम प्रस्तावित करने वाली समिति के सदस्यों पर कारवाई की बात रखी।

#### सड़क और शिक्षा पर रखी बात

जिपं के सदन मे सभापति विप्लव साहू ने अविभाजित जिले में बोर्ड परीक्षा में सबसे खराब और निराशाजनक परिणाम देने वाले प्राचार्य के खिलाफ जांच का प्रस्ताव रखा वही ग्राम पंचायत जुरलाकला के प्राथमिक शाला में शौचालय की आवश्यकता को लेकर सदन को जानकारी दी। सदन मे जिपं सभापति श्री विप्लव साहू ने वन मंडल खैरागढ़ द्वारा जन सरोकार से जुड़ी जानकारी मांगने पर भी उपलब्ध नही कराने पर नाराजगी जाहिर करते हुए जिपं से पत्र व्यवहार करने कहा। खैरागढ़ से भंडारपुर होते हुए डोंगरगढ़ मेन रोड की दुर्दशा पर ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा कि पीएमजीएसवाय के अधिकारियों की अनदेखी के चलते सड़क पर चलना दूभर हो गया है। समय समय पर सुधार कार्य नही करने और निर्माण एजेंसी से 5 सालों में नियमित संधारण नहीं करवाने को लेकर असंतोष जाहिर किया गया। महिला बाल विकास के आंगनवाड़ी केंन्द्रों की जर्जर हालत में सुधार करने और नवनिर्माण करने, राशन कार्ड की प्रक्रिया में तेजी लाने जैसे विषयो को सदन मे रखते हुए जिपं सभापति विप्लव साहू ने कारवाई सुनिश्चित करने कहा।






## सार समाचार

### आबू में मीडिया का राष्ट्रीय महासम्मेलन 26 से

**राजनांदगांव।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू रोड में 26 से 30 सितंबर तक मीडिया का राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्वस्थ और खुशहाल समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर चर्चा होगी। यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज़ दिव्य अनुभूति हाल आनंद सरोवर शांतिवन के पास आबू रोड राजस्थान में आयोजित होगा। इसमें पूरे भारत के प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े लगभग 1000 मीडिया प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय महासम्मेलन में राजनांदगांव से वरिष्ठ पत्रकार सीएल जैन, प्रेस क्लब छुरिया के अध्यक्ष शिशुपाल साहू और गैंदाटोला से नरेश कुमार देवदास शामिल होने 25 सितंबर को पुरी -अहमदाबाद एक्सप्रेस से रवाना होंगे। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवा केंद्र के मीडिया प्रभारी ब्रह्मा कुमार मुरलीधर सोमानी ने दी।

### अल्पसंख्यक विभाग की नई टीम का ऐलान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी मो.



गुलाब और रंजीत सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन की मंजूरी के बाद अल्पसंख्यक विभाग राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष शकील रिजवी ने हाल ही में अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। नई टीम 3 ब्लॉक अध्यक्षों के साथ ब्लॉक अध्यक्ष निक्कू भाटिया डोंगरगढ़ ब्लॉक, सोनू खान छुरिया ब्लॉक, रफीक खान डोंगरगांव ब्लॉक, कोषाध्यक्षगण मोहम्मद जैश रजा, उपाध्यक्षगण सारांश अजमानी, जावेद अंसारी, शेख समीर, नेल्सन मसीह, सैय्यद हाशिम अली, एशादाब अली, महामंत्रीगण मोहर्रम अली अंसारी, रमिंदर सिंह भाटिया, इरफान हनफी, मुहम्मद उमर सिद्दीकी, नासिर खान, इदरीस सोलंकी, शेख सुहैल, फिरोज यासिनी, दानिश खान, जमील खान, ताहिर जोया, प्रशांत बालाधरे, सचिवगण तनवीर सिद्दीकी, बख्तावर खान, शफीक खान, वकार खान, फैजल जोया, कय्यूम खान, जॉन बेहरा, निजामुद्दीन खान, रियाज चौहान, अब्दुल खान, मजहर खान, आफताब खान, अहमद रजा, सलमान खान, शादाब खान शामिल हैं।

### मृतक परिवार को 10-10 लाख मुआवजा की मांग

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के अंतर्गत जोरातराई, मनगटा, मुढ़ीपार के



आसपास के स्कूली बच्चों सहित अन्य व्यक्ति के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से 8 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई एवं एक अन्य घायल हुआ है। मृतक को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने मुख्यमंत्री से मांग करते कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से मृतक के आश्रित परिवार को 10-10 लाख रुपए मुआवजा राशि एवं घायल को 50 हजार रुपए तथा समुचित इलाज करने की मांग की।

### बघेरा स्कूल में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

**राजनांदगांव।** शासन की योजना अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता त्यौहार, स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में स्कूली छात्रों द्वारा बॉटल ब्रिक्स का निर्माण किया एवं इसकी सहायता से 4-आर सिद्धांत, भारत का नक्शा एवं चश्मा बनाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया। बोतल ब्रिक्स का निर्माण पर्यावरण को सुरक्षित रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं सिंगल यूज पॉलिथीन का पुनर्चक्रण करने का संदेश दिया गया। मिडिल स्कूल बघेरा में छात्रों की संख्या 152 है एवं 152 बॉटल ब्रिक्स ही सचिव एवं बघेरा सरपंच को सौंपा गया। इस तरह मिडिल स्कूल बघेरा द्वारा शत-प्रतिशत बॉटल ब्रिक्स का निर्माण किया गया। इस अवसर पर बघेरा सरपंच हरीश देशमुख, हायर सेकंडरी स्कूल अध्यक्ष दुर्जनलाल देवांगन, सचिव मोहन साहू, संकुल प्राचार्य वायलेट सैमुएल, संकुल समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, शिक्षकगण मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, सुनीता ठाकुर, संजीव जांगड़े, प्रधान पाठक तुकादास मंडले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व रैली

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी गुणवंता दास खरे के नेतृत्व




में 21 सितंबर को स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. उमरे ने लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की भूमिका को स्पष्ट करते बताया कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। इसके लिए सबसे पहला कदम मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना है। स्वीप नोडल अधिकारी ने कार्यक्रम में निर्धारित तिथि को 18 वर्ष या अधिक की आयु पूर्ण करने वाले पात्र विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने की ऑनलाइन तथा ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें "मतदाता बनें, अपने अधिकारों का उपयोग करें", "वोट हमारा, अधिकार हमारा" और "लोकतंत्र का सम्मान करें, अपने मत का उपयोग करें" जैसे स्लोगन शामिल थे। जिसमें युवाओं को लोकतंत्र के इस महत्त्वपूर्ण पहलू से परिचित कराते उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में डॉ. एसआर कन्नोजे, डॉ. एएन माखीजा, डॉ. फूलसो राजेश पटेल एवं छात्र-छात्राए शामिल हुए।

### नीचेकोहडा में सिलसिलेवार मौतों पर कलेक्टर ने गठित की जांच टीम

# नीचेकोहड़ा में आठ ग्रामीणों की मौत, टीम करेगी जांच

## स्वास्थ्य विभाग ने गांव में नहीं लगाया कैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

अंबागढ़ चौकी के ग्राम नीचेकोहड़ा में सिलसिलेवार तीन बुजुर्ग और पांच युवाओं की रहस्यमय तरीके से आकस्मिक मौत के मामले में कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जांच टीम गठित कर मामले के तह तक जाने का निर्देश दिए हैं। इधर नीचेकोहडा गांव में मौतों के तांडव के बीच कई किसान मजदूर तपके के ग्रामीण महिला-पुरूष डायरिया, बुखार तथा अन्य मौसमी बीमारी की हालत में खाट में पड़े हुए हैं तो कई यहां-वहां इलाज करवा रहे हैं, जिन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अब तक कोई भी कदम नहीं उठाए गए हैं। डॉ. एसआर मंडावी इस गंभीर मामले में गांव पहुंचकर हालात जानने के बजाय बेतुका बयान दे रहे हैं लोगों की मौत झोलाछाप डॉक्टर तथा प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवाने से हुई है।

हरिभूमि के ग्राउंड रिपोर्ट में ग्रामीणों ने बताया कि नीचेकोहडा में बरसात के शुरूआती दोनों में डायरिया के जद में लगभग 100 महिला-पुरूष व युवा आ गए थे। जिनका उपचार कौड़ीकसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी, राजनांदगांव तथा दल्लीराजहरा व विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों में कराया गया। सभी पीड़ित डायरिया के प्रकोप से धीरे-धीरे मुक्त होते रहे। ग्रामीणों ने आगे बताया कि उस वक्त बेहद संख्या में लोगों के बीमार होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग आम लोगों को डायरिया जैसे घातक बीमारी से राहत दिलाने एक-दो को छोड़कर गांव में किसी तरह का स्वास्थ्य कैंप आयोजित नहीं किया और तो और गांव में फैले डायरिया के मामले को विभागीय तौर पर हर तरह से दबाए रखा। जुलाई माह से ग्रामीणों के लगातार बीमार होने के सिलसिले के बीच इधर अब आठ-आठ लोगों का क्रमबद्ध तरीके से मौत हो गई है। इसके बावजूद स्वास्थ्य अमला डोर-टू-डोर नीचेकोहडा गांव में स्वास्थ्य परीक्षण करने के बजाय अब मौतों के मामले में कफन डालने का प्रयास में लगे हुए।



### अब तक गांव नहीं पहुंचा स्वास्थ्य अमला

ग्राम पटेल विष्णुराम, सरपंच हेमंत चंद्रवंशी, ग्रामीण सुजनी निर्मलकर व उपसरपंच देवप्रसाद भुआर्य ने बताया कि लगातार हो रहे मौतों की जानकारी होने के बावजूद ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरआर धुर्वे, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसआर मंडावी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौडीकसा प्रभारी डॉ. हितेश मार्शल लोगों के मौतों में खामोश बैठकर तमाशा देख रहे हैं। यहां क्यों और किस तरह लोगों की मौत हो रही है, उसका पता लगाने इन अधिकारियों को फुर्सत नहीं है।

### नदारद डॉक्टर पर मेहरबान अफसर

मौसमी बीमारी चरम पर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा के अंतर्गत 9 ग्राम पंचायत जुड़े हुए हैं। ग्राम पंचायत नीचेकोहडा भी इसमें शामिल है। सिलसिलेवार 8 लोगों की मौत हो गई। बेहद संख्या में लोग बीमार हैं और यहां पदस्थ प्रभारी डॉक्टर राजनांदगांव में निवास करते हुए माह में चार-पांच बार अस्पताल पहुंचकर पूरे माह का फर्जी उपस्थिति दर्ज करते वेतन आहरण कर रहे हैं।

### विधायक के दौरा से खुला मौतों का राज

मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी सोमवार दोपहर 12.30 बजे दौरा करते ग्राम नीचेकोहडा पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि लगातार उनके गांव में आठ लोगों की मौत हो गई है। गांव में काफी संख्या में लोग बीमार हैं। जिसके बाद कलेक्टर से बात करते स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरआर धुर्वे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर मंडावी को नीचेकोहड़ा पहुंचे विधायक इंद्रशाह मांडवी ने लगातार हुए मौतों की जानकारी लेना चाहा तो दोनों अधिकारियों ने घटना की जानकारी से इनकार किया, जिस पर विधायक ने फोन पर फटकार लगाते व्यवस्था दुरुस्त करने तथा विशेष शिविर लगाकर डोर-टू-डोर सर्वे करने का निर्देश दिया।

#### कमेटी गठित

नीचेकोहडा में हुई मौतों को लेकर जांच टीम गठित करते निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए हैं।

- **एस. जयवर्धन,** कलेक्टर, मोहला-मानपुर-अं. चौकी

#### दोषियों पर हो कार्रवाई

स्वास्थ्य महकमे की लापरवाही सामने आई है। अंबागढ़ चौकी के बीएमओ तथा सीएमएचओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करना चाहिए। जिनके कार्यप्रणाली के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था इस जिले में गर्त में है। - **इंद्रशाह मंडावी,** विधायक, मोहला-मानपुर

# उल्लास के साथ मनाई जाएगी अग्रसेन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्री अग्रसेन की जयंती इस वर्ष भी परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाने स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल एवं सचिव आलोक बिंदल ने बताया कि आगामी 3 अक्टूबर को भगवान श्री अग्रसेन की 5148वीं जयंती का मुख्य समारोह अग्रसेन भवन में दोपहर 3 बजे होगा। मुख्य अतिथि समाजसेवी नेतराम अग्रवाल व अध्यक्षता समाजसेवी सुनील शंकरलाल अग्रवाल कामठी (महाराष्ट्र) करेंगे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्तियों का सम्मान तथा समाज के मेधावी विद्यार्थियों का स्वर्ण एवं रजत पदक द्वारा सम्मान किया जाएगा। साथ ही राजनांदगांव की शिक्षाविद स्मृति शेष अग्र विभूति गीतादेवी अग्रवाल की सौम्य एवं शालीन छवि अभिव्यक्त करने वाली तस्वीर का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात भगवान श्री अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी।

### 27 को होगा महोत्सव का शुभारंभ

आगामी 27 सितंबर को सुबह 10 बजे ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा। मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के निवृत्तमान अध्यक्ष संतोष अग्रवाल होंगे। प्रतिदिन समाज के बच्चों, युवक, युवतियों तथा महिलाओं के लिए विविध ज्ञानवर्धक, मनोरंजक, कुकिंग, सजावट और खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत म्युजिकल अंताक्षरी, फैंसी ड्रेस, आरती की थाली सजाओ, सर्वश्रेष्ठ सजावट, सर्वश्रेष्ठ पकवान, मटका फोड़, कपल गेम, हकुना मटूटा इत्यादि मुख्य आकर्षण होंगे।

### 29 को निकलेगी बाइक रैली

29 सितंबर को संध्या समय अग्रसेन आनंद मेला का आयोजन उदयाचल प्रांगण में होगा। उद्घाटनकर्ता श्रीमती निकिता अग्रवाल धर्मपत्नी संजय अग्रवाल कलेक्टर राजनांदगांव एवं श्रीमती जागृति गर्ग धर्मपत्नी मोहित गर्ग एसपी राजनांदगांव होंगी। इसी दिन बाईक रैली भी निकाली जाएगी। 02 अक्टूबर को पद्मश्री गोविंदराम आडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटनकर्ता कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसपी मोहित गर्ग होंगे।

## मधु के दखल से मोखली-कोटरासरार ब्रिज का सर्विस रोड बनाएगा पीडब्ल्यूडी

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव के ग्राम मोखली में



शिवनाथ नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय ब्रिज के दोनों ओर स्थित सर्विस रोड के पुनर्निर्माण की स्वीकृति अततः पूर्व सांसद मधुसूदन के हस्तक्षेप एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा उपरान्त प्राप्त कर ली गई है। अब ग्राम मोखली कोटरासरार ब्रिज के क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का पुनर्निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग करेगा।

ज्ञातव्य है कि उक्त ब्रिज का निर्माण ब्रिज निर्माण एजेंसी द्वारा किया गया था। जिसके दोनों ओर स्थित सर्विस रोड बाढ़ एवं भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी और जिसके पुनर्निर्माण में दुविधा की स्थिति उत्पन्न होने से ग्रामवासियों को आवागमन में भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। ब्रिज निर्माण एजेंसी सर्विस रोड के निर्माण का जिम्मा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग का होना बता रही थी। जबकि पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा ब्रिज की सर्विस रोड निर्माण का जिम्मा ब्रिज कार्पोरेशन का होना बताया जा रहा था और दोनो विभागों के कार्यालयों के चक्कर काटकर स्थानीय ग्रामीण हैरान-परेशान हो रहे थे। अततः ग्रामवासियों ने पूर्व सांसद मधुसूदन के पास पहुंचकर अपनी समस्या से अवगत कराते मदद की गुहार लगाई। पूर्व सांसद ने दोनों विभाग के अधिकारियों से समस्या के विषय में त्वरित विमर्श कर उनकी व्यवहारिक दिक्कतों को जाना। इसके उपरांत इस विषय में कलेक्टर से चर्चा कर लोक निर्माण विभाग को उक्त सर्विस रोड बनाने सहमत किया और वर्तमान स्थिति में पीडब्ल्यूडी द्वारा उक्त सर्विस रोड निर्माण की तैयारी की जा रही है।

#### जताया आभार

इसी प्रकार ग्राम मोखली से संबंधित एक अन्य प्रकरण में पूर्व सांसद को ग्राम मोखली में लगे 100 केवी के पुराने ट्रांसफार्मर के लंबे समय से खराब होने की खबर प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से ज्ञात होने पर उन्होंने इस प्रकरण में स्वस्फूर्त संज्ञान लेकर निराकरण हेतु प्रयास किया। पूर्व सांसद ने इस परिप्रेक्ष्य में विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित निराकरण करते तत्काल ग्राम मोखली में नया 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाया। जिसके परिणामतः ग्राम मोखली के किसान और घरेलू उपभोक्ता विद्युतविहीनता और लो-वोल्टेज की समस्या से निजात पा सके है। स्थानीय ग्रामवासियों ने ग्राम मोखली से संबंधित उक्त दोनों समस्याओं की सुध लेकर उनका सफल निराकरण करने हेतु पूर्व सांसद का आभार व्यक्त किया है।

### कलेक्टर ने किया औद्योगिक क्षेत्र को हराभरा रखने प्रोत्साहित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गत दिनों औद्योगिक क्षेत्र वर्धमान नगर राजनांदगांव में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर अग्रवाल ने औद्योगिक क्षेत्र वर्धमान नगर में झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम के तहत कदम का पौधरोपण कर औद्योगिक क्षेत्र को हराभरा रखने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में पेड़-पौधे बहुत जरूरी है। इस क्षेत्र को हराभरा रखने के साथ साफ-सफाई भी बहुत जरूरी है।

इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल के साथ जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र सानू वर्गीस, पार्षद किशुन यदु एवं औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा झाडू लगाकर व्यापक पैमाने पर झाडियों को काटकर साफ-सफाई की गई और कदम, बादाम, नीम जैसे 15 से अधिक पौधों का पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर राजनांदगांव इंडस्ट्रीज एसोशिएशन के अध्यक्ष संतोष जैन, उपाध्यक्ष ईश्वर भाई पटेल, सचिव विमल शर्मा, संतोष, श्री पसारी, नवीन जायसवाल, सुबोध छाबड़ा, आकाश गुप्ता, नीलम बैध, अतुल चौपड़ा, विमल सेठिया, सानिल सेठिया, वीरेन्द्र चौहान, राजेश मोहबे, विजय भट्टड, नरेंद्र कोडडिया, पराग, प्रसन्न, नगर निगम की टीम और उद्योग विभाग की टीम उपस्थित थी।

# ठगों ने सोशल मीडिया को बनाया नया ठिकाना, लोग इससे बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साइबर क्राइम के फैलते मकड़जाल में न केवल युवा फंस रहे हैं, बल्कि स्कूली बच्चे, महिलाएं, कई विभागों के पढ़े-लिखें अफसर भी इसका शिकार हो रहे हैं। साइबर अपराधी विभिन्न तरह का लालच देकर अपने जाल में फंसा लेते है। इसी बात को लेकर राजनांदगांव जिले के घुमका कॉलेज में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर जिले के कप्तान आईपीएस मोहित गर्ग मुख्य अतिथि रहे। साथ ही वित्तीय साक्षरता से तेजस्वी वर्मा, कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, सरपंच फूलमति वर्मा, घुमका थाना प्रभारी बसंत बघेल, महरुमखुर्द सरपंच प्रतिनिधि नीलू वर्मा, नवनीत चंदेल, डॉ. देशलहरा, डॉ. रोहन प्रसाद, प्रीति, दीपक वर्मा, भारतेतु वर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता की पूजा-अर्चना के बाद राजकीय गीत के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने साइबर के बढ़ते अपराधों को जाना व उनसे बचने के उपाय भी सीखें। बच्चों को सोशल मीडिया से लेकर बैंकिंग तक में होने वाले साइबर ठगी और उससे बचाव के बारे में आईपीएस मोहित गर्ग ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया में अंजान वीडियो कॉल और इंटरनेट बैंकिंग इस्तेमाल करते वक्त उन्हें अलर्ट रहने की बात बताई गई, ताकि वह खुद ही जागरूक हो और साइबर अपराध से खुद ही बच सकें। इसके अलावा एसपी ने अभिव्यक्ति ऐप, यातायात जागरूकता, तीन नए कानूनों सहित अन्य जानकारी दिया गया।



### एक छोटी सी गलती हमारे लिए घातक हो सकती है

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी ने कहा कि जिस गति से तकनीक ने उन्नति की है, उसी गति से मनुष्य की मोबाइल इंटरनेट पर निर्भरता भी बढ़ी है। एक ही जगह पर बैठकर इंटरनेट के जरिये मनुष्य की पहुंच विश्व के हर कोने तक आसान हुई है, लेकिन एक छोटा सा भी गलती हमारे लिए घातक साबित हो रहा है। एक गलत क्लिक मात्र से आप साइबर अपराध के शिकार हो सकते हैं। इससे बचने के लिए सावधानी अवश्य बरतनी होगी।

### ठगी से बचने के लिए जागरूकता व सतर्कता

इस दौरान वित्तीय साक्षरता से तेजस्वी वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया जो जिंदगी को आसान बनाती है, वो उतनी ही मुसीबत अपने साथ लेकर आती है। विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने विविध प्रकार की जानकारी प्रदान की गई। उनको बताया गया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिला है, उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। खुद को साइबर ठगों से बचाने के लिए सबसे जरूरी जागरूकता व सतर्कता है। किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त हुए लिंक को न खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ई-मेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

### विद्यार्थी नई चुनौतियों का सामना करने तैयार रहें

# वाणिज्य के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल के वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए केके मोदी यूनिवर्सिटी द्वारा एक बूट कैंप आयोजित हुआ। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यवसायिक विचार विकसित करना, फैब की विशेषताएं, लाभ और फायदे पर काम करना और ग्राहकों को लक्षित कर अधिकतम लाभ प्राप्त करना सिखाना था।

विद्यार्थियों को अपने स्वयं के व्यावसायिक विचार प्रस्तुत करने, उनके फैब की पहचान करने और अपने लक्षित ग्राहकों को परिभाषित करने कहा गया। विद्यार्थियों ने जो व्यावसायिक अवधारणाएं प्रस्तुत की, वे बहुत अच्छी तरह से क्रियान्वित की गई। इससे स्पष्ट हुआ कि उन्होंने जो सीखा वह काफी प्रभावी साबित हुआ। विद्यार्थीगण नई चुनौतियों का सामना करने तैयार रहे। बूट कैंप ने न केवल उनकी व्यावसायिक रणनीतियों की समझ को बढ़ाया, बल्कि उन्हें रचनात्मक और व्यावहारिक रूप से सोचने के लिए भी प्रेरित किया। यह अनुभव निस्संदेह उन्हें उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक जीवन में अधिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा।




### शैक्षणिक भ्रमण करने शिक्षकों ने किया सहयोग

वाणिज्य विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्र, वाणिज्य शिक्षिका भावारानी रमेश, दीप्ति बिंदल, रिंकी भारद्वाज, वाणिज्य शिक्षक सुधीर सिंह, खेल शिक्षक नवनीत द्विवेदी ने शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक संचालित करने में सहयोग प्रदान किया। शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित होने पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।






### जाति प्रमाणपत्र बनाने का चलेगा अभियान, राजस्व, पंचायत व शिक्षा विभाग के अमले घर-घर पहुंचकर देंगे प्रमाणपत्र

# जिले के नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ली समय सीमा की पहली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के छात्र-छात्राओं व उनके माता-पिता तथा अभिभावकों के लिए अच्छी खबर है कि शैक्षणिक कार्यों के लिए लगने वाले आवश्यक दस्तावेज जैसे जाति, निवास व आय प्रमाण पत्रों को अब एक अभियान चलाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही दस्तावेज तैयार कर संबंधित विद्यार्थियों के घर-घर पहुंचाकर जाति प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के शैक्षणिक कार्यों के लिए लगने वाले अति आवश्यक दस्तावेजों के तैयार करने के लिए एक नवाचार के रूप में अभियान चलाने के लिए जिले के संबंधित राजस्व अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है, उन्होने कहा कि शैक्षणिक कार्यों के लिए लगने वाले अतिआवश्यक दस्तावेज बनाने के विद्यार्थी, उनके माता-पिता व अभिभावक गण अनावश्यक परेशान होते है। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में बच्चें शिक्षा से वंचित भी हो जाते है। इस अभियान से सभी को राहत मिलेगी और उन सभी का समय की बचत भी होगी। कलेक्टर ने पूरी संवेदनशीलता के साथ जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए है। बैठक में बताया गया कि जिले में जाति-निवास, आय तथा फटाखा लाईसेंस बनाने के लिए कुल 4739 आवेदन च्वाईस सेंटर के माध्यम से प्राप्त हुए है, जिसमें आय-जाति तथा निवास के 45 सौ आवेदन लंबित है। वर्तमान में सभी लंबित आवेदन समय-सीमा के भीतर है। कलेक्टर ने इस सभी आवेदनों को शीघ्रता से निराकरण के निर्देश दिए।

#### बैठक में राज्य शासन की प्राथमिकता वाले योजना, अभियान को शामिल करने के निर्देश दिए



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में बैठक के एंजेडे में शामिल सभी लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा कर शीघ्रता से निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में राज्य शासन की प्राथमिकता वाले योजना, अभियान और कार्यक्रमों को भी शामिल करने के निर्देश दिए ताकि समय-सीमा की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा नियमित रूप से हो सके तथा उन सभी योजनओं की प्रगति में किसी भी प्रकार की परेशानी अथवा समस्याओं को अधिकारियों के बीच में चर्चा कर उनका समाधान भी मिला जा सकेंगा। उन्होने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पोषण अभियान की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होने कहा कि इस अभियान के माध्यम से राज्य को कुपोषण से मुक्त करने के लिए राज्य शासन तथा मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा और निर्देश है। इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन होनी चाहिए। उन्होने इस योजना के क्रियान्वयन में जिले रैकिंग अन्य जिलों के नीचे होने पर कड़ी नाराजगी भी जाताई। उन्होने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग को योजना क्रियान्वयन में टॉप फाइप पर जगह बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए है। कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर में प्रगति की प्रविष्ठ अपलोड करने की कार्यवाही मे प्रगति लाने के निर्देश दिए है।

# केसदा में सर्प दंश से ग्रामीण युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम केशदा में दिल-दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमें ग्राम केशदा निवासी युवक रवि नेताम आयु 26 वर्ष पिता स्व. धनसिंह जो कि फसलों में दवाई छिड़काव के लिए खेत गया, उसी दौरान सर्प के काटने से कुछ घंटे पश्चात दोपहर तकरीबन 3 बजे ग्राम केशदा निवासी रवि नेताम की मृत्यु हो गई। वहीं जिसकी पीएम जिला चिकित्सालय में कराने के पश्चात परिजनों को सौंप दी गई, युवक रवि नेताम घर की सकल जिम्मेदारियों का निर्वहन करता था। ऐसे में उसके गुजर जाने से पूरे परिवार में दुःख का माहौल व्याप्त है तथा घर की आर्थिक स्थिति दयनीय है जिसमें उनके परिजनों ने शासन प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई।

## विकासखण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुर्वेद योग शिवर मे ग्रामीण हुए लाभावित




**हरिभूमि कवर्धा।** संचनालाय आयुष रायपुर एवं जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुर्वेद योग एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम बाजार चारभाठा में आयोजित किया गया। जिस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष भाजयुमो रणवीरपुर मण्डल सुदर्शन कुम्भकार, मण्डल उपाध्यक्ष गजाधर कौशिक, सरपंच प्रतिनिधि गिरधारी कौशिक, उपसरपंच चंद्रशेखर कौशिक, रेखलाल कौशिक, पालन कौशिक, रामवतार यादव सहित ग्रामवासी उपस्थित हुए। शिविर प्रभारी डॉ निर्मला पटेल के साथ डॉ मेनका देशमुख, डॉ कमलेश वर्मा, डॉ प्रेमलाल खुरश्याम, फॉर्मसिस्ट-विद्या सिंह ध्रुव, धनेश कौशिक, काजल साहू, औषधालय सेवक प्रदीप साहू, विजय यागरे, योग प्रशिक्षक बालेश्वर कौशिक, योगेश्वर पटेल, पीटीएस चैनाराम नेताम, जितेंद्र पोर्ते, पार्वती, आयुर्वेद से चिकित्सीय लाभ लेने वाले 468 होम्योपैथी से जांच और लाभ लेने वाले 146 योगा से 128 सहित करीब 750 रोगियों ने शिविर में लाभावित हुए।

## खबर संक्षेप

### रूसे में पांच दिवसीय सतनाम सत्संग रसधारा का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम रूसे में प्रतिवर्षनुसार की भांति इस वर्ष भी 21 से 25 सितम्बर तक सतनाम सत्संग रसधारा का आयोजित किया गया। जिसमें सभी संत समाज प्रेमीजन सत्संगी एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामवासियों को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिसमें सतनाम सत्संग रसधारा का का शुभारंभ जैतखाम चौक रुसे में 12 से 5 बजे तक व प्रातः 5 से 7 बजे तक ध्यान साधना जिसमें संत उत्तम महिलांग द्वारा बाबा की जीवन दर्शन एवं अध्यात्मिक दर्शन बाबा के 42 अमृतवाणी पर विशेष सत्संग रात्रि 8 से 10 बजे तक सत्संग विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामवासी रामफल, कुवारूराम भारद्वाज, दुकलहा बंजारे, जगन्नाथ बंजारे तथा ग्रामवासियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दे रहें है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से कमला बाई को मिला सपनों का घर

**कवर्धा।** जिले की ग्राम सैगोना निवासी कमला बाई, जिनका जीवन संघर्षों से भरा रहा है, आज प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से अपने सपनों का घर पा चुकी हैं। कमला बाई के लिए पक्का मकान सिर्फ चार दीवारों का ढांचा नहीं है, बल्कि यह उनके और उनके परिवार के लिए सुरक्षा, स्थिरता और आत्मसम्मान का प्रतीक बन गया है। कमला बाई बताती है कि उनके पति का 17 साल पहले निधन हो गया था, जिससे परिवार की जिम्मेदारियों का बोझ पूरी तरह से कमला बाई के कंधों पर आ गया। उनकी एक 26 वर्षीय बेटा और 22 वर्षीय बेटी है। खेत न होने की वजह से वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही थीं। इन सभी के बीच पक्का मकान का सपना कोसों दूर था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना से सपना अब हकीकत बन चुका है। कमला बाई का बेटा दुकान में काम करता है, जबकि उनकी बेटी कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर रही है और डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन कर रही है। परिवार की आर्थिक स्थिति कठिनाइयों से भरी थी, लेकिन कमला बाई ने कभी हार नहीं मानी। पीएम आवास योजना के तहत उन्हें घर मिलने की उम्मीद जगी। इस योजना के अंतर्गत उन्हें एक पक्का घर मिला, जो उनकी और उनके बच्चों की जिंदगी में स्थायित्व और सुरक्षा लेकर आया। कमला बाई ने पक्का मकान मिलने के बाद प्रधानमंत्री व छत्तीसगढ़ सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदारों की लापरवाही

## नुकीले गिट्टी-पत्थर से राहगीर व छात्र छात्राएं परेशान

- छात्र छात्राएं हो रहें सड़क हादसे के शिकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



ग्रामीण अंचलों के प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत ठेकेदार ग्राम हरिनछपरा से नाऊडीह-दौजरी तथा जेवडन खुर्द से पिपरिया जाने वाले पीएम सड़क पर निर्माण कार्य के लिए सड़क पर डाली गई गिट्टी-पत्थर नुकीला होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों आवागमन करने में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हरिनछपरा चौक से नाऊडीह - दौजरी तथा जेवडन खुर्द से पिपरिया जाने वाले मार्ग पर इस समय सड़कों पर नुकीला गिट्टी-पत्थर ठेकेदार द्वारा डाल दी गई है, जिसकी मरम्मत व सुधार तथा समतलीकरण नहीं किया गया है सिर्फ नुकिला गिट्टी-पत्थर को गड्ढे में फेंक दी गई है जिनके कारण आने जाने वाले लोगों को सड़क हादसे की आशंका बनी हुई है। वहीं स्कूली छात्र छात्राओं को घर से स्कूल व स्कूल से घर आवाजाही सायकल से करते है जिससे सायकल पंचर तथा गिरकर चोटिल हो रहें है। जिस पर ग्रामीण व राहगीरों की परेशानियों को देखते हुए ठेकेदारों से जल्द से जल्द डामरीकरण किए जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीण व राहगीरो को सुविधा तथा राहत मिल सके।

# संकुल केंद्र दनिया खुर्द में आश्रित शालाओं के प्रधान पाठको की समीक्षा बैठक आयोजित



- साक्षरता और गणित की संक्रियाओं में बच्चों की प्रगति की जानकारी ली गई ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संकुल केंद्र दनिया खुर्द में बीआरसी कन्हैया लाल साहू के अध्यक्षता में संकुल के आश्रित शालाओं के प्रधान पाठकों का समीक्षा बैठक संकुल भवन में आयोजित किया गया। जिसमें कन्हैया लाल साहू द्वारा एफएलएन निपुण भारत कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता और गणित की संक्रियाओं में बच्चों की प्रगति की जानकारी ली गई साथ ही शाला कैलेण्डर के अनुसार अध्यापन कार्य करने नियमित रूप से दैनंदिनी संधारित करने तथा बैगलेश डे में निर्धारित गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

श्री साहू द्वारा प्रधान पाठकों द्वारा यूडीआईसीई में स्कूल प्रोफाइल, टीचर प्रोफाइल, स्टुडेंट प्रोफाइल एंट्री प्रगति की जानकारी ली गई तथा यूडीआईसीई में जिन छात्र छात्राओं का नाम या जन्मतिथि गलत है का सुधार करने हेतु निर्धारित प्रारूप में संकुल के माध्यम से जमा करने कहा गया। संकुल प्राचार्य श्रीमती निशा कुंवर दिवाकर द्वारा बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने तथा नैतिक मूल्यों का विकास करने के लिए प्रत्येक शाला से वीरगाथा प्रोजेक्ट 4.0 में प्रत्येक शाला से इंट्री करने के निर्देश दिए गए। संकुल समन्वयक मनीष निषाद द्वारा सभी शालाओं में फोटो युक्त शिक्षक परिचय का फ्लैक्स बनाने के निर्देश दिया गया। वहीं प्रशस्त्र एप में दिव्यांग बच्चों का अनिवार्य रूप से इंट्री करने के लिए कहा गया।

प्रधान पाठकों द्वारा जानकारी दी गई कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु समस्त विद्यार्थियों का ऑनलाइन फार्म सबमिट किया जा चुका है, यूडाईस में विद्यार्थी पंजीयन प्रगति पर है, इंस्पायर एवार्ड आनलाइन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। समस्त छात्राओं को शाला गणवेश तथा पाठ्य पुस्तक वितरित की जा चुकी है। वर्तमान में संकुल के समस्त शालाओं में त्रैमासिक परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। बैठक में प्राथमिक शाला बीरनपुर कला के प्रधान पाठक रामचरण साहू, प्रधान पाठक योगेश ध्रुव, जती जायसवाल, श्रीमती रीना सुखदेवे, भुनेश्वर दास वैष्णव, श्रीमती उषा जायसवाल व शिक्षक शिक्षिकाएं तथा गणमान्य नागरिक सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## शाला संगवारी की हुई पुनः नियुक्ति, बैगा समाज ने उपमुख्यमंत्री विजय व सांसद संतोष का किया आभार व्यक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में कार्यरत 75-76 विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति शाला संगवारियों का शिक्षकीय कार्य विगत तीन माह से बंद था, जिसे अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने उपमुख्यमंत्री व सांसद को शाला संगवारी के काम को पुनः शुरू करवाने हेतु अपील की गई। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र सांसद संतोष पाण्डेय ने कलेक्टर को निर्देशित किया, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कवर्धा में काउंसलिंग कर नियुक्ति दिया गया और पुनः नियुक्ति मिलने से सभी बैगा जनजाति के युवक-युवती बहुत प्रसन्न हुए और शाला संगवारी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसके लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व सांसद संतोष पाण्डेय का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, संचालक एमके गुप्ता ने सभी शाला संगवारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुनः कार्य करने हेतु बधाई दिए साथ ही साथ अधिवक्ता सुधीर पाण्डेय ने शुभकामनाएं दी।

## न्याय यात्रा रैली...




**कवर्धा।** जिले के सैकड़ों डीएड, बीएड डिग्रीधारियों ने अपने संघ के बैनर तले रोजगार की मांग को लेकर निकाली न्याय यात्रा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ को मानहानि मामले में कानूनी नोटिस जारी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर को डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा की ओर से मानहानि के लिए कानूनी नोटिस भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि संघ द्वारा रेखा चंद्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और अपमानजनक हैं, जिनसे उनकी प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंची है। रेखा चंद्रा ने संघ पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनके विकलांगता प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता पर सवाल उठाया था, जो कि मानहानि का अपराध है। नोटिस में संघ से अपमानजनक बयान वापस लेने, सार्वजनिक माफी मांगने और 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की गई है। इसके अलावा, नोटिस में कहा गया है कि अगर संघ उपरोक्त मांगों का पालन नहीं करता है, तो रेखा चंद्रा आपराधिक और दीवानी कार्रवाई शुरू करेंगी। इस मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में भी याचिका लंबित है, जिसमें रेखा चंद्रा के विकलांगता प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ दिव्यांग लगातार फर्जी दिव्यांगता के मुद्दों को उठा रहा है।

**आगमन:** जेल में बंद ग्रामीणों के परिजनों से भी पूर्व सीएम ने मुलाकात की

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल पहुंचे कवर्धा, जेल में बंद लोहारीडीह के ग्रामीणों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के लोहारीडीह आगजनी, हत्याकाण्ड और इस मामले में गिरफ्तार कर जिला जेल दाखिल किए गए एक आरोपी की मौत के मामले में एक बार फिर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कवर्धा पहुंचे। इस दौरान उन्होने जिला जेल में बंद ग्रामीणों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। श्री बधेल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से भी मुलाकात की और मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होने कहा कि सरकार लोहारीडीह घटना की तुलना किसी अन्य घटना से कर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। उन्होने कहा कि हम विपक्ष में है और हमारा कर्तव्य है कि हम जनता के हक की आवाज उठाएं और हम वो कर रहे हैं। सरकार का काम है पीड़ित को न्याय दिलाना लेकिन वो सरकार नहीं कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लोहाराडीह के तीन ग्रामीणों की हत्या हुई है। जिस शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू का शव बालाघाट जिले के ग्राम बीजाभाट में फांसी के फंदे में लटका मिला है उसकी भी हत्या की गई है लेकिन सरकार और पुलिस उसे आत्महत्या बताकर मामला रफादफा कर रही है। वहीं लोहारीडीह के पूर्व सरपंच रघुनाथ की हत्या के मामले में भी पुलिस निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर जेल बंद कर रही है।



### प्रदेश साहू संघ की मांगों का किया समर्थन

मंगलवार को कवर्धा पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेले ने लोहारीडीह मामले में प्रदेश साहू संघ द्वारा उठाई गई मांगों का समर्थन किया है। उन्होने कहा कि साहू संघ ने पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए न्यायसंगत मांगे शासन के समक्ष रखी हैं। जिनका कांग्रेस समर्थन करती है और सरकार को इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा करना चाहिए।

### डिप्टी सीएम पूछे अपने सीएम से वो क्यों नहीं आए

भाजपा द्वारा कांग्रेस शासनकाल में घटी घटनाओं को लोहारीडीह से जोड़कर तात्कालिन मुख्यमंत्री श्री बघेल व मंत्री मो. अकबर के आने जाने के सवाल में पत्रकारों के सवार का जवाब देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार में रहते हुए हमेशा ऐसा संभव नहीं हो पाता कि मुख्यमंत्री या मंत्री हर जगह पहुंच सके। अगर ये गलत है तो फिर प्रदेश के डिप्टी सीएम और कवर्धा विधायक को अपने मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए की वे लोहारीडीह क्यों नहीं आए।

### पुलिस बताए लोहारीडीह मामले में गिरफ्तार किए गए व मिसिंग लोगों के नाम

भूपेश बघेल ने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि सरकार यह स्पष्ट करे कि उसने लोहारीडीह आगजनी और हत्याकाण्ड मामले में कितने लोगों की गिरफ्तारी की है उनके क्या नाम है और वे वर्तमान में कहां है। इसके अलावा सरकार यह भी बताए की जिनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है वे कहां है।

उन्होंने खुलासा किया कि पुलिस ने ऐसे लोगों को भी गिरफ्तार किया है जो लोहारीडीह आगजनी और रघुनाथ साहू की हत्या के दौरान घटना स्थल में थे ही नहीं। वे या तो अस्पताल में थे या कहीं और लेकिन उन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार प्रशांत साहू की पुलिस अभिरक्षा में मौत के मामले में भी सरकार अपने विभाग के अधिकारियों को बचाने में जुटी है। ऐसे में अगर विपक्ष सामने आकर न्याय की बात कर रहा है तो सरकार को हमारे आने जाने पर राजनीति नजर आ रही है। उन्होने कहा कि सरकार को शिवप्रसाद उर्फ कचरू की हत्या, रघुनाथ के घर में आगजनी और रघुनाथ की हत्या तथा पुलिस अभिरक्षा में प्रशांत साहू की हत्या इन तीनो मामलों की अलग-अलग जांच कर मामले के वास्तविक दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए। पत्रकारों से चर्चा के दौरान पूर्व सीएम साधराम हत्याकाण्ड के दौरान कांग्रेस की अनुपस्थित पर पूछे गए जाति देखकर राजनीति किए जाने तथा रघुनाथ के हत्या के आरोपियों के प्रति सहानुभूति के सवाल पर पत्रकारों पर भड़क से भी नजर आए।

### आप के राजा खड्गराज को मिली बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा



आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में अपनी कार्यकारणी का विस्तार किया है, जिसमें आम आदमी पार्टी के नेता राजा खड्गराज सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी द्वारा लगातार प्रयास के बाद राजा खड्गराज सिंह पिछले वर्ष अगस्त में दिल्ली मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के समक्ष मुख्यमंत्री निवास में पार्टी में सदस्यता ली थी और पार्टी ने भी बिना देर किए उन्हें कवर्धा विधानसभा का प्रत्याशी बना दिया था। कवर्धा और छत्तीसगढ़ में राजा खड्गराज का आदिवासी सामज में बड़ा समर्थन है। कवर्धा की राजनीति में उनका विशेष स्थान है, राजा खड्गराज सिंह को बड़ी जिम्मेदारी देने से साफ हो जाता है कि प्रदेश में आने वाले सभी चुनाव को त्रिकोणीय बनाने की तैयारी में आम आदमी पार्टी लगी हुई है। वर्तमान में हरियाणा और जम्मू कश्मीर के चुनावी सभाओं में उमड़ती भीड़ से कयास लगाया जा रहा है कि दोनों राज्यो में आम आदमी पार्टी को तीसरी शक्ति मान कर कांग्रेस और भाजपा चुनावी मैदान में उतरी है। राजा खड्गराज सिंह को मिली इस जिम्मेदारी से कबीरधाम जिले के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है साथ ही साथ खुशी का माहौल है।

# जोरशोर से की जा रही नवरात्र पर्व की तैयारियां

## मूर्तिकार व समितियां जुटी अपने-अपने कार्यों में



- कवर्धा सहित अंचल में धूमधाम से मनाया जायेगा दुर्गोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हाल ही में गणेशोत्सव व भगवान विश्वकर्मा उत्सव के बाद अब शक्ति पीठों के गढ़ कवर्धा सहित अंचल में 3 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्र पर्व की सभी तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। समूचा अंचल मां जगत जननी की भक्ति व अराधना में डूबने के लिए लिए आतुर नजर आ रहा है।

मंदिर समीतियों द्वारा जहां नवरात्र पर्व की नदीकियों के मद्देनजर मंदिरों की साफ-सफाई, रंग रोगन तथा मनोकामना ज्योतिकलश कक्ष तैयार करने जैसे कार्यो को अंतिम रूप दिया जा रहा है वहीं दुर्गोत्सव समीतियों ने विभिन्न रूप रंग की देवी प्रतिमाएं स्थापित करने भव्य व आकर्षक पण्डालों को मूर्तरूप देने में पूरी सिद्दत से दिनरात जुटे हुए हैं।

दूसरी तरफ महिनों से निर्माण कार्य में जुटे मूर्तिकार भी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए है। उल्लेखनीय है कि शक्ति पीठों के गढ़ माने जाने वाले कवर्धा नगर में दुर्गोत्सव पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जाता है। नगर के विभिन्न शक्तिपीठों में भक्तों द्वारा बड़ी संख्या में पूरे नौ दिन मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए जाते है।

जिसके चलते हर रोज मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है। वहीं नगर सहित आसपास के ईलाकों में दर्जनो दुर्गोत्सव समीतियों द्वारा मां आदि शक्ति के विभिन्न रूप रंग की प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कुछ ऐसी ही श्रद्धा भक्ति के साथ नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी की गई है। दुर्गोत्सव समीतियों ने मूर्तिकारों के यहां निर्मित कराई गई प्रतिमाओं को पण्डालों तक लाने के लिए वाहन, गाजे-बाजे, पंडित, पूजन सामग्री आदि की व्यवस्था की जा रही है। मौसम को देखते हुए विशेष रूप से वाटर फ्रूप पण्डाल बनाए जा रहे हैं। कुल मिलाकर दुर्गोत्सव समितियां नवरात्र पर्व की नजदीकियों को देखते हुए अपने काम समय रहते पूर्ण करने में पूरी सिद्दत के साथ जुटी हुई है। हालांकि कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में की गई नवरात्र पर्व की जोरदार तैयारियों के बीच इन दिनों लगातार रूक-रूककर हो रही हल्की-तेज बारिश कुछ समस्याएं खड़ी कर रही है।

### मूर्तीकारों द्वारा बनाई जा रही है मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं

पहले भगवान गणेश और फिर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं को मूर्त रूप देने के बाद अब मूर्तिकार 3 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व को देखते हुए मिट्टी को मां जगत जननी का रूप देने में जुटे है। इन मूर्तिकारों द्वारा कवर्धा नगर सहित जिले के प्रायङ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों तथा ग्रामीण अंचलों में भी मां जगत जननी की विभिन्न रंग रूप की मनमोहक छोटी बड़ी प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। मूर्तिकारों ने बताया कि नवरात्र पर्व को अब सिर्फ आठ-नौ दिन की शेष रह गए हैं ऐसे में वे मूर्तियों को मूर्त रूप में देने में पूरे परिवार के साथ दिन रात जुटे हुए हैं। उन्होने बताया कि अधिकांश प्रतिमाएं आर्डर पर ही बनाई जा रही है वहीं कुछ प्रतिमाओं को बगैर आर्डर के भी बनाया गया है। मूर्तिकारों के मुताबिक सभी प्रतिमाओं में मिट्टी छपाई का कार्य हो चुका है और प्रतिमाओं को सुखाकर उनमें कलर किया जा रहा है। उन्होने अपने कार्य को समय बद्ध ढंग से कुछ ऐसा निर्धारित किया है कि सभी प्रतिमाएं पर्व के पूर्व तैयार हो जाएंगी।

# टीचर्स एसोसिएशन की बैठक में कई अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में स्थानीय राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क में आयोजित जिला बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए गए। जिसमें प्रमुख रूप से हाई कोर्ट बिलासपुर के डबल बेंच द्वारा एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षिका श्रीमती सोना साहू के याचिका पर क्रमोन्नति देने के निर्णय सहित शासन के विभिन्न निर्देशों को आधार बनाकर जिले के सभी शिक्षक 24 से 26 सितंबर तक जिला व जनपद पंचायत, नगर पालिका व नगर पंचायत, बीईओ एवं डीईओ कार्यालय में आवेदन जमा कर 10 वर्ष में प्रथम एवं 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नति या समयमान वेतनमान देने की मांग करेंगे। सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए जिले के सभी शिक्षकों से पांच अक्टूबर तक एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूती प्रदान करने का आव्हान किया गया। बैठक के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए जिस शिक्षक का 10 या 20 वर्ष में अब तक पदोन्नति नहीं हुआ है, पदोन्नति होने पर पदोन्नति के पहले व बाद में 10 वर्ष एक पद पर कार्य करने वाले तथा पंचायत व शिक्षा विभाग को मिलाकर 10 वर्ष पूर्ण करने वाले आवेदन करेंगे। इसी प्रकार नगरीय निकाय के शिक्षक आवेदन करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि आवेदन करने वाले शिक्षकों की अधिक संख्या को दृष्टिगत रखते हुए सुव्यवस्था बनाने हेतु जिला व जनपद कार्यालय तथा बीईओ व डीईओ कार्यालय में अलग से काउंटर बनाने के लिए जिला पंचायत के सीईओ एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा गया है. स्कूल समय को लेकर शिक्षकों के भ्रम को दूर करते हुए बताया गया कि प्रातः 10 से अपरान्ह 4 बजे तक स्कूल संचालित होगा। उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

### करपात्री स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस



**कवर्धा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) का स्थापना दिवस 24 सितंबर को मनाया जाता है। भारत सरकार ने रासेयो की स्थापना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन शताब्दी वर्ष में 24 सितंबर, 1969 को की थी। रासेयो का मकसद, उच्च शिक्षा ले रहे छात्रों में सामाजिक दायित्व, चेतना, और स्वप्रेरित अनुशासन का विकास करना है। इसी तारतम्य में स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के द्वारा कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के पूजन अर्चन से हुआ। स्वयं सेवक सागर मानिकपुरी ने सरस्वती वंदना गायन किया। स्वंसेवक शिवनारायण ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. श्रीमती कामता सिंह परिहार जिला संगठक रासेयो जिला कबीरधाम बेमेतरा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं और एनएसएस स्वंसेवको को सेवा के जरिए स्वयं का व्यक्तित्व विकास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। विद्यालय के प्राचार्य डीएस जोशी जिन्होंने बच्चों को सुझाव दिया कि सेवा कार्य बिना किसी प्रतिफल के करना चाहिए। कार्यक्रम में स्वयंसेवक तरुण पटेल, रोमिल गोयल, रीना, रश्मि, विजेश, आशीष, हुकमीचंद, युगेश, जलेश्वर, युवराज, मोनेष सहित शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं उपस्थिति थे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में लूप का उप सरपंच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी



कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इस मामले में परिजनों की शिकायत पर चिल्फी पुलिस ने ग्राम पंचायत के उप सरपंच को गिरफ्तार किया है। आरोपी उप सरपंच पर धारा 74,79 बीएनएस 08 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में चिल्फी थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर से मिली जानकारी के अनुसार गत 22 सितंबर को पीड़ित नाबालिग ने अपने परिवार के साथ थाना पहुंचकर आरोप लगाया कि गांव के उपसरपंच ने उसके साथ छेड़छाड़ की है। परिजनों और लड़की ने बताया कि वह जब डेम में नहा रही थी इस दौरान उपसरपंच वहां पहुंचा और उससे छेड़छाड़ करने लगा। नाबालिग रोते बिलखते घर पहुंची और माता पिता को घटना के बारे में बताया। चिल्फी पुलिस ने पीड़िता की इस शिकायत के आधार पर फौरी कार्यवाही करते हुए आरोपी उप सरपंच दशरू मेरावी पिता सुक्कल मेरापी आयु 44 वर्ष निवासी लुप थाना बोड़ला के विरूद्ध धारा 74,79 बीएनएस 08 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और न्यायालीन अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# कलेक्टर जनमेजय महोबे को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे की राज्य शासन द्वारा नवीन पदस्थापना के फलस्वरूप निवर्तमान कलेक्टर श्री महोबे की बिदाई एवं नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा के स्वागत अभियान के लिए जिला कार्यालय में आज विदाई एवं स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई एवं अभिनंद कार्यक्रम में नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो,डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन ने निवर्तमान कलेक्टर श्री महोबे को प्रतिक चिन्ह भेंट कर नवीन पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दी। जनमेजय महोबे ने कलेक्टर के तौर पर कबीरधाम जिले में 2 वर्ष 2 माह बीस दिन तक अपनी सेवाएं दी। राज्य शासन के आदेशानुसार जनमेजय महोबे की नवीन पदस्थापना खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम में प्रबंध संचालक के पद पर की गई है।



**अस्थि रोग विशेषज्ञ, फिजियोथैरेपिस्ट व नेत्र विशेषज्ञों ने की जांच**

# जिला अस्पताल में वयोवृद्ध के लिए जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन कवर्धा अंतर्गत वयोवृद्ध कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में वयोवृद्ध जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मूल उद्देश्य वयोवृद्धो को समय रहते घातक बीमारियों से बचाना और निःशुल्क इलाज की व्यवस्था उपलब्ध कराना। शिविर का आयोजन कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. केशव ध्रुव एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया की ''वयोवृद्ध कार्यक्रम के तहत जिले में सूचना शिक्षा और संचार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, स्वास्थ्य चर्चा के साथ-साथ स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर को जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मनाया गया। इस शिविर में कुल 2115 वयोवृद्धो का जांच किया गया साथ ही उन्हें सलाह भी दी गई की नियमित रूप से जांच करने से समय रहते बीमारी की पहचान और उसका इलाज करने में आसानी होती है। शिविर में विशेष रूप से 60 वर्ष से ऊपर की आयु समूह के लोगों का येलो कार्ड बनाया गया। अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा जांच की गई नेत्र विशेषज्ञों द्वारा नेत्र का परीक्षण कर विशेष रूप से मोतियाबिंद की जांच की गई। इस अवसर पर लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए भी जानकारी प्रदान की गई। जिला अस्पताल में शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉक्टर हर्षित तुवानी चिकित्सा अधिकारी का सहयोग रहा।



### सीएचसी पंडरिया में की गई 12 पुरुषों की नसबंदी, लोगों को किया जागरूक



**पंडरिया।** सीएचसी पंडरिया में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत स्थाई विधि चाहने वाले हितग्राहियों को पुरुष नसबंदी सेवा प्रदान किया गया। जिसमे सीएचसी पंडरिया में सीएमएचओ डॉ. बीएल राज के मार्गदर्शन में बीएमओ डॉ. अनामिका पटेल के कुशल नेतृत्व में 12 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन ऑपरेशन डीएचओ व नोडल अधिकारी डॉ. सतीश चंद्रवंशी के द्वारा किया गया। जिसमें सीएचसी/पीएचसी प्रभारी, स्टॉफ, सेक्टर सुपरवाईजर, फील्ड स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। जिन्होंने मरीजों की विशेष पहचान कर मरीजो का काउंसलिंग किया और मंगलवार 12 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किया गया। इस ऑपरेशन को सफल बनाने में ओटी प्रभारी विनिष जॉय, प्रभारी मेट्रन दीप्ती तिर्की, जॉन निर्मल एक्का, अखिलेश पटेल, दीना यादव, आशीष ने अपना सहयोग दिया वही डॉ. विश्वनाथ का विशेष सहयोग रहा।